**स्वागत** ▶ पर्यटन स्थलों में रही भीड़, हुए धार्मिक आयोजन, मंदिरों में रही भीड़, युवाओं में रहा उत्साह

# पुरानी यादें भूल कर नववर्ष का किया उत्साह से स्वागत





**निवास 1 जनवरी नभाप्र.** वक्त ठहरता नहीं है, टिक-टिक करती घड़ी की सुईयों की तरह वर्ष 2025 भी अपनी मस्तानी चाल चलकर आखिरकार विदा हो गया है। उसके चेहरे पर खुशी भी थी, तो गम भी। खुशी इस बात की कि उसे अपने लम्बे सफर से मुक्ति मिली, मायूसी-तनाव का दामन छूटा। गम इसलिए कि साल जैसा भी रहा, उसका हमसफर रहा। उससे लिपटा रहा सुख-दुख, ऊंच-नीच, अच्छा -बुरा सब कुछ साथ-साथ हुआ। अब भरे मन से वर्ष 2025 को अलविदा कहना पड़ा।

साल बदला, कैलेण्डर बदल गया, दीवारों की पुरानी कील पर नया कैलेण्डर, नए अरमानों, नई ख्वाहिशों के साथ लटक गया। 2025 बदलकर 2026 हो गया। अब 2025 की यादों को भूलकर 2026 से कुछ अच्छे की उम्मीदें है। जिससे पुराने साल की यादों को भूल सके। जिलेवासियों ने नववर्ष का जोरदार स्वागत किया। शहर में कई स्थानों में युवा वर्गो ने नववर्ष के स्वागत के लिये विशेष तैयारियां कर रखी थी। लोग नववर्ष का जश्न मनाए। हालाकि कोई नव वर्ष में कोई बड़े आयोजन नहीं किये गए। सादगी के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। धार्मिक स्थलों में भक्तों का हुजूम देखा गया। मुख्यालय के नजदीक सूर्यकुण्ड धाम में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां चल रही अंखड रामधुन में भक्तों की सहभागीता देखी गई।




सुबह से देर शाम तक हजारों की संख्या में लोग सूर्यकुण्ड पहुंचे।

### घुघरा में भी उमड़ी भीड़

इधर नववर्ष की धूम सुदूर ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्रों में भी देखने को मिली और कही नर्मदा के रमणीय स्थलों जैसे सहस्त्रधारा में भी लोगों का हुजूम देखने को मिला। जहां लोग पूजन के साथ-साथ पिकनिक का भी आनंद लिया। प्रकृति की घनी वादियों के बीच परिवार व साथियों के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। शायद ही कोई ऐसा रमणीक स्थल होगा जहां पहली जनवरी को पिकनिक मनाने टोली न पहुंचा हो। कई टोलियां पिकनिक के दौरान गीतों की धुन पर जमकर थिरकते देखे गये। इसके साथ ही निवास क्षेत्र के घुघरा जल प्रपात पर भी नए वर्ष में लोगों की भीड़ देखी गई यहां लोग झरने का लुत्फ उठाते हुए परिवार सहित पर्यटक पहुंचे।

### मंदिर में माथा टेक कर किया नववर्ष का स्वागत

नए साल के आगाज पर बड़ी संख्या में युवा धार्मिक स्थलों में पहुंचे। सुबह से ही मंदिरों में श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। गुरुद्वारों में भी लोगों ने अरदास कर दुआ मांगी। प्रसिद्ध मंदिरों, नर्मदा नदी में सुबह पांच बजे से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। मंदिर समितियों की तरफ से भी इंतजाम किए गए थे। सुबह आठ बजे के आसपास काफी भीड़ एकत्र हो गई थी। माथा टेकने वालों में अधिकतर युवा थे। सूर्यकुण्ड धाम, शीतला मंदिर, गुरुद्वारा, आईटीआई दुर्गा मंदिर, सिद्धबाबा टेकरी, नर्मदा घाटों में खासी भीड़ रही। माथा टेककर आने वाले कई लोगों ने अमन चैन की प्रार्थना की।



# चकदेही में चोरों का आतंक

▶ नकदी समेत किराने के सामान पर किया हाथ साफ

▶ चोरी की वारदातों से चकदेही में दहशत

**नारायणगंज, बबलिया।** नारायणगंज के बबलिया क्षेत्र के ग्राम चकदेही में बीती रात चोरों ने एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने लाटोरी चक्रवर्ती की दुकान को निशाना बनाते हुए छत का टीन शेड उखाड़ दिया और अंदर दाखिल होकर लगभग 20 हजार रुपये नकद सहित भारी मात्रा में किराने का सामान चोरी कर लिया।

पीड़ित लाटोरी चक्रवर्ती ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह जब दुकान खोली तो सामान बिखरा हुआ था और छत का शेड टूटा मिला। मामले की तत्काल सूचना निवास पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों में आक्रोश और डर का माहौल

जानकारी में बताया गया कि ग्राम चकदेही में चोरी की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व भी गांव में दो अन्य स्थानों पर चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस में चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। लगातार हो रही इन चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में दहशत और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने की मांग की है।

# किसानों को मिलेगा मिलेट्स का उचित दाम

▶ नारायणगंज ब्लॉक में कोदो-कुटकी उपार्जन कार्य शुरू

**बबलिया, नवभारत।** शासन की महत्वाकांक्षी रानी दुर्गावती श्री अन्न योजना के अंतर्गत ग्राम बबलिया में कोदो-कुटकी के उपार्जन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पहल के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को उनकी मिलेट्स (श्री अन्न) उपज का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

बताया गया कि उपार्जन के पहले ही दिन ग्राम खुर्द डाला और सुखराम सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिससे 75 क्विंटल कोदो-कुटकी की खरीदी की गई। शासन की इस योजना को लेकर कृषकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और उन्होंने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।



कोदो-कुटकी उपार्जन कार्य के शुभारंभ के दौरान केंद्र प्रभारी डॉ. अनिल शुक्ला, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रेखा परस्ते और सुखराम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए श्री अन्न के पोषण संबंधी लाभों और इनके वैश्विक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को मिलेट्स उत्पादन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जिससे वे शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें। खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं और उपार्जन कार्य पूरी तरह सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ।

# पुष्पलता का मप्र वालीबॉल टीम में चयन



**शहपुरा 1 जनवरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त जनजाती कार्य राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार वालीबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग में पुष्पलता पट्टा कन्या मा शाला शहपुरा ने विद्यालय, विकास खंड, जिला, संभाग, विभागीय राज्य, शालेय राज्य स्तरीय छह स्तर की स्पर्धाओ में भाग लिया। खेल कौशल की कुशल दक्षता से सभी स्तरों में चयनित होते हुए उनका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया

# भुआ बिछिया के श्रीराम मंदिर में गूंजा सुंदरकांड

▶ अयोध्या प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर बिछिया में आयोजन

**भुआ बिछिया।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पावन तिथि के उपलक्ष्य में भुआ बिछिया स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सनातनी हिंदू समाज के 500 वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी 2024 को हुई प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को नगरवासियों ने तिथि अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी अत्यंत उत्साह के साथ मनाया।



बताया गया कि बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर के समस्त सनातनी धर्मप्रेमी बंधु बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। इस अवसर पर सामूहिक रूप से सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। पाठ के पश्चात भगवान श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती की गई।

बताया गया कि अयोध्या में अभिजीत मुहूर्त में संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा के गौरवशाली दिवस को याद करने और नई पीढ़ी को इस ऐतिहासिक संघर्ष से जोड़ने के लिए प्रतिवर्ष इस उत्सव का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित मातृशक्ति और युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

# दो दुकानों के काटे गए चालान, 25 को दी गई समझाइश

▶ शहीद स्मारक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**शहपुरा नवभारत 1 जनवरी।** नगर परिषद द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहीद स्मारक के चारों ओर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण दल, वार्ड प्रभारी, नगर परिषद का अमला तथा पुलिस विभाग का बल मौके पर मौजूद रहा।

अभियान के दौरान शहीद स्मारक के आसपास किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दो दुकानों पर चालानी कार्रवाई की गई, जबकि 25 दुकानदारों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त समझाइश दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### संवेदनशील स्थानों की गरिमा बनाए रखना प्राथमिकता

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि शहीद स्मारक जैसे सार्वजनिक व संवेदनशील स्थानों की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी होती है, जिसे देखते हुए यह कार्रवाई की गई।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई अब प्रतिदिन की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। नगर परिषद ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया है।





# भीमडोंगरी में खेलकूद का समापन खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

▶ पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे ने बढ़ाया उत्साह, पारंपरिक खेलों में भी बच्चों ने मारी बाजी

**मवई, नवभारत।** आदिवासी वनांचल मवई ब्लॉक के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमडोंगरी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। इस खेल महोत्सव में क्षेत्र के 29 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे मैदानी खेलों के साथ-साथ जलेबी दौड़, रस्सी दौड़ और बिस्किट दौड़ जैसे मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का आधार हैं।

विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर, सरपंच ओम प्रकाश मरावी और प्राचार्य प्रदीप पटेल की उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस सफल आयोजन में जनशिक्षक प्रेम धनंजय, अक्षय परते, कीर्तन झरिया, डीलन मरकाम, योगा टीचर ओमलता बरकड़े, सनूपा उइके और स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ मानसी चौरसिया, उर्वशी सनोदिया सहित विद्यालय परिवार की सराहनीय भूमिका रही। अंत में अतिथियों ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी अनुशासन और टीम वर्क के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**अनदेखी** ▶ ग्राम पंचायत रामगढ़ का मामला, स्वच्छ भारत मिशन जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ा

# ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं अधूरे बने शौचालय








**अमरपुर नवभारत 1 जनवरी।** जिले के अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ में जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा आज भी पंचायत के पात्र हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। यहां ग्राम पंचायत रामगढ़ के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बनवाए गए शौचालय समय पर पूर्ण तैयार नहीं कराए गए, जो आज भी ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

शासकीय दस्तावेजों में इन हितग्राहियों को लाभान्वित घोषित किया जा चुका है, जबकि आज भी वनवासी टोला के वाशिन्दे शासकीय योजना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बनने वाले शौचालय से लाभान्वित होने के बाबजूद शौचालय का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसका मुख्य कारण ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा बरती गई लापरवाही है। अगर स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर समय-समय पर शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण करते तो आज हितग्राही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बने शौचालय का लाभ प्राप्त कर सरकार की मंशा के साथ कदम से कदम मिलाते हुए नजर आते।

### अपूर्ण शौचालय से कैसे हो स्वच्छ भारत

ग्राम पंचायत रामगढ़ में कराए गए शौचालय निर्माण कार्यों को जिम्मेदारों के द्वारा पूर्ण नहीं कराया गया, जिसके चलते आज भी ग्रामीण महिला पुरुष प्रसाधन के लिए खेत, खलियान व मैदान में जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को हर दिन शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है, तो वही महिलाओं, युवतियों के लिए परेशानी और विराट हो जाती है, लेकिन जिम्मेदारों को ग्रामीणों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

### ग्रामीणों ने बयां किया दर्द

ग्राम पंचायत रामगढ़ बनवासी टोला के ग्रामीणों के द्वारा बतलाया गया कि घर में शौचालय बने होने के बावजूद हमें निस्तार के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे हमें अनेक समस्याएं होती हैं। इसका सामना हमें हर दिन करना पड़ता है, खासकर महिलाओं और बच्चियों के लिए खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें असुरक्षित महसूस होता है और उनके साथ दुर्व्यवहार होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके अलावा खुले में शौच करने से अनेक बीमारियां फैलती हैं।

### शौचालय को बनाया पानी टंकी

ग्राम पंचायत रामगढ़ के बनवासी टोला में धनेश बनवासी द्वारा आधे अधूरे शौचालय निर्माण कार्य से एक कदम आगे बढ़ते हुए शौचालय को पानी की टंकी का स्वरूप दे दिया। धनेश द्वारा बताया गया कि मेरा और मेरे भाई का शौचालय बना था। मेरे घर के आंगन में आधा शौचालय बिना गड्ढा खोदे खड़ा कर दिया गया। मेरे भाई का शौचालय छात्रावास की जमीन पर बना दिया गया, जो कन्या छात्रावास की बाउंड्री बनने के बाद उसके अंदर हो गया। आज भी पहले की तरह हम निस्तार के लिए जंगल, खेत और मैदान में ही जाते हैं। शर्म आती है लेकिन क्या करें।

### इनका कहना है

जब शौचालय बना था तब उन लोगों ने गड्ढा नहीं खोदा। कार्य करने वालों से कहा कि गड्ढा खोद दो तो बोले बाद में आकर खोद देंगे। कई साल हो गए कोई नहीं आया और अधिकारी भी जानकारी लेने नहीं आए।

**हल्कू बनवासी, ग्राम पंचायत रामगढ़**

जब से देख रहा हूं टूटा हुआ शौचालय ही देख रहा हूं। जब काम हुआ था तभी से आधा है। एक दिन भी हम इसमें शौच के लिए नहीं गए। मेरे पिता के नाम से शौचालय स्वीकृत हुआ था। जो आज तक उसी हालत में है।

**विकास, ग्रामीण ग्राम पंचायत रामगढ़**